पत्रांक : के0-503

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी
सभी मूल्यांकन केन्द्र निदेशक,
(वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020)

पटना, दिनांक : 04/05/2020

विषयः वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 का मूल्यांकन कार्य दिनांक 17.05.2020 तक स्थगित रखने के संबंध में।

प्रसंगः समिति का पत्रांक के0–490, दिनांक 15.04.2020

महाशय,

निदेशानुसार विषयगत् प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि राज्य में कोरोना महामारी से निपटने के लिए ऐहितियाती तौर पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 का मूल्यांकन कार्य दिनांक 03.05.2020 तक स्थगित किया गया था, जिसे दिनांक 17.05.2020 तक के लिए विस्तारित किया जाता है।

2. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 से संबंधित सभी **मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य दिनांक 17.05.2020 तक स्थगित रखा जाय** तथा इन मूल्यांकन केन्द्रों पर **उपस्करों/उत्तरपुस्तिकाओं की समुचित सुरक्षा** हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाय।

3. विषयांकित कार्य स्थगन के संदर्भ में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि मूल्यांकन कार्य अगले आदेश तक स्थगित किये जाने के आलोक में उपर्युक्त **कंडिका–2** में वर्णित निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से भी अधीनस्थ सभी मैट्रिक परीक्षा मूल्यांकन केन्द्र निदेशकों को आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय तथा उनसे आज ही संपर्क कर इन सभी मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य के लिए उपयोग किये जा रहे उपस्कर तथा मूल्यांकन हेतु शेष रह गयी उत्तरपुस्तिकाओं की समुचित सुरक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय।

4. कृपया इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझें।

विश्वासभाजन,
04-05/2020

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।
4/5/2020

ज्ञापांक : के0-503/पटना, दिनांक : 04/05/2020

प्रतिलिपिः 1. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को भेजते हुए अनुरोध है कि विषयांकित कार्य के दिनांक 17.05.2020 तक स्थगन के निमित्त इस पत्र की कंडिका–2 में अंकित विवरण के आलोक में भवदीय क्षेत्राधिकार में अवस्थित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 के लिए निर्दिष्ट सभी मूल्यांकन केन्द्रों तथा इन केन्द्रों में मूल्यांकन हेतु शेष रह गये उत्तरपुस्तिकाओं एवं उपस्करों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

2. निदेशक, आई0टी0/उप निदेशक, आई0टी0/सिस्टम एनालिस्ट (मा0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) को सूचनार्थ प्रेषित।

04-05/2020

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।
4/5/2020